# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जुलाई 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# नल कनेक्शन के लिए प्रतिमाह के आसान किस्तों मे जमा कर सकेंगे शुल्क, शुल्क राशि में भी हुई कटौती, महापौर परिषद से मिली मंजूरी

भिलाईनगर/महापौर परिषद की बैठक से पूर्व प्रतिदिन होने वाले राष्ट्रगान में आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सम्मिलित हुए उन्होंने कहा कि रोज-रोज नए नए सुविचार से अधिकारी/कर्मचारियों के कार्य करने की क्षमता बढ़ती है,मनोबल बढ़ता है! राष्ट्रगान में उपस्थित आयुक्त एसके सुंदरानी ने कहा की पेंशन की नई व्यवस्था से पेंशन हितग्राहियों को लाभ मिलेगा, आने जाने में होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगा, पात्र हितग्राही एक भी न छूटे इसके लिए इस प्रकार की व्यवस्था की गई है! महापौर परिषद की बैठक में मिशन अमृत अंतर्गत जल प्रदाय योजना फेस टू अंतर्गत निजी नल कनेक्शन दिए जाने के संबंध में चर्चा हुई जिसमें करदाता को प्रतिमाह ₹250 एवं गैर करदाता को ₹100 मात्र 20 महीने में शुल्क के रूप में प्रदाय करना होगा जिसकी कुल राशि क्रमशः करदाता के लिए 5000 एवं गैर करदाता के लिए 2000 होगी जिन्हें मासिक किस्तों में प्रदाय करना होगा,जिसे आसानी से जमा किया जा सकता है पहले यह राशि ₹6000 थी जिसे कम कर दिया गया है अब किस्तों में राशि जमा करने से लोगों पर आने वाले आर्थिक भार में कमी आएगी और नवीन नल कनेक्शन का शुल्क आसान किस्तों में जमा किया जा सकेगा!



## डेंगू उन्मूलन एवं नियंत्रण तथा मौसमी बीमारी से बचाव के लिए स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने ली बैठक, प्रतिदिन की मांगी रिपोर्ट

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी जलजनित बीमारियों (पीलिया, उल्टी-दस्त) वेक्टर जनित रोग (डेंगू/मलेरिया) के रोकथाम हेतु टीम भावना से कार्य करने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए हुए हैं! जिस पर आयुक्त एसके सुंदरानी ने अधिकारियों को डेंगू प्रभावित क्षेत्रो को विशेष रूप से मानीटरिंग करते हुए डेंगू उन्मूलन एवं नियंत्रण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं! स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी एवं महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने आज जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर क्षेत्र मे कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षक, सुपरवाइजर एवं ठेका श्रमिकों की बैठक लेकर मौसमी बीमारी एवं डेंगू नियंत्रण, रोकथाम, उपचार के लिए अपनाई जा रही गतिविधियों के विषय जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए! श्री राजू ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में प्रगति लावे एवं प्रतिदिन का रिपोर्ट प्रस्तुत करें विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले शिकायतों से पहले उन्हें दूर करें एवं फिर भी आने वाले शिकायतों को प्राथमिकता से निराकरण करें, कोई भी चूक होने पर एजेंसी की राशि से नियमानुसार कटौती की जाएगी, एवं कार्य नहीं करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जावेगी! त्र में लगातार अनुपस्थित रहने वाले एवं कार्य में ढिलाई करने वाले एजेंसी के सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए कहा कि कार्य में सुधार लावे अन्यथा कार्य से वंचित कर दिया जाएगा एवं कोई भी समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा! किसी भी वार्ड से डेंगू की शिकायत न आए इसके लिए पूरी ताकत झोंकने हेतु निर्देशित किया!



## खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव ने भिलाई क्षेत्र के विभिन्न खेल परिसर का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक श्वेता सिन्हा, दुर्ग कलेक्टर अंकित आनंद ने संयुक्त रूप से भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न खेल परिसर एवं विद्यालय प्रांगण का निरीक्षण किया! खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वप्रथम खुर्सीपार स्टेडियम का अवलोकन किया तत्पश्चात जयंती स्टेडियम, टेनिस कंपलेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर 5 कन्या विद्यालय एवं सेक्टर 4 बोकारो हॉस्टल का निरीक्षण किया! सेक्टर 5 स्थित कन्या विद्यालय में विद्यालय के भीतर जाकर अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली ताकि भविष्य में खेल के उद्देश्य से  स्थल का प्रस्ताव तैयार किया जा सके तथा सेक्टर 4 बोकारो हॉस्टल में स्पोर्ट्स के छात्रों से हाथ मिलाते हुए इनके खाने की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, स्कॉलरशिप, ड्रेस की व्यवस्था, ट्यूशन क्लासेस, समय सारणी आदि के बारे में बीएसपी के स्पोर्ट्स मैनेजर एवं खिलाड़ी साईं राम जाखड़ से विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं स्पोर्ट्स के बच्चों से भी उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा! निरीक्षण के समय महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, डायरेक्टर श्वेता सिन्हा, कलेक्टर अंकित आनंद, के प्रभारी एवं महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, सहायक संचालक खेल विभाग दुर्ग विलियम लकड़ा, बीएसपी स्पोर्ट्स मैनेजर साईं राम जाखड़ सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे!




# स्वरोजगार लोन के लिए निगम सभागार में प्रकरणों का निपटान

भिलाईनगर/महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा महिलाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कई तरह के प्रयत्न किए जा रहे हैं! जिसके क्रियान्वयन के लिए निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण एवं बैंक लिंकेज अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर स्वीकृति एवं वितरण की त्वरित कार्रवाई हेतु लोन मेला का आयोजन भी किया जा चुका है, जिसमें कई लोगों ने लोन लेकर लाभ प्राप्त किया! आज निगम सभागार में बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में लंबित प्रकरण निपटान एवं स्वरोजगार लोन के लिए ग्रेडिंग कमेटी द्वारा लोन के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण उपरांत पात्र आवेदनों को लोन प्रदाय करने के लिए संबंधित बैंक की ओर प्रेषित कर अनुशंसा की जिसके पश्चात निर्धारित बैंक द्वारा आवेदन का परीक्षण कर लोन प्रदाय करने की कार्यवाही की जाएगी! इस संबंध में निगमायुक्त सुंदरानी ने सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को शेड्यूल तैयार करने निर्देशित किया था जिसके तहत निर्धारित तिथि में समय-समय पर विभिन्न प्रकरणों पर कार्य किया जाना है! आज के शिविर में जिला के अग्रणी बैंक की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों एवं ऋण प्रकरणों पर स्वीकृति की कार्यवाही की गई! जिसमें राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अधिकारी/ कर्मचारी, मैनेजर, सीईओ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही!



## आवारा पशुओं को पकड़ कर भेजा गौठान, लगातार अभियान है जारी

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने आवारा पशुओं को पकड़ने के निर्देश निगम की विशेष टीम को दिए हैं! आयुक्त महोदय ने विगत दिनों भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप में महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं गौठान का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 को दिए थे! जोन आयुक्त द्वारा गौठान स्थल पर पशुओं के उचित रखरखाव के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है जो अंतिम चरण पर है मुख्य द्वार पर गाय का चित्र बनाया गया है, मां बमलेश्वरी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कमान संभालते हुए प्रातः 10:00 से सायं 6:00 बजे तक जो कि पशु को छुड़ाने का समय है इस स्थल पर रहती है बाकी समय के लिए सुरक्षा की दृष्टि से महिलाओं द्वारा अन्य को लगाया गया है, पशुओं से निकले हुए मल मूत्र के लिए बायो डाइजेस्टर यूनिट लगाया गया है, गैस का उपयोग समीप में संचालित करने वाले होटल संचालक को प्रदाय किया जा रहा है पहले यह संचालक लकड़ी के इंधन के माध्यम से होटल संचालित करता था परंतु अब बायोगैस के उपयोग से कार्य कर रहा है, गौठान में शेड निर्माण किया जा रहा है जो की खपरें का होगा, रात्रि कालीन प्रकाश की व्यवस्था भी की जा रही है!






# शहीद कौशल यादव "वीर चक्र" के 20 वां स्मरण दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के शहीद कौशल यादव स्मारक स्थल हुडको उद्यान में शहीद कौशल यादव को श्रद्धा सुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने आज दिनांक 25 जुलाई 2019 को जनसैलाब उमड़ पड़ा! महापौर देवेंद्र यादव की महापौर परिषद ने सभी शहीदों के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प पारित किया था जिसके तहत निगम भिलाई द्वारा आज से इसकी शुरुआत की गई है! भारत माता के वीर सपूत एवं कारगिल के रणबांकुर नायक कौशल यादव ने कारगिल युद्ध ऑपरेशन विजय में पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध की गई कार्यवाही के दौरान मातृभूमि की रक्षा करते हुए 25 जुलाई सन 1999 को भारत-पाक सीमा पर वीरगति को प्राप्त हो गए! प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन, बच्चे, नौजवान, बुजुर्ग, महिलाएं, जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक ने मिलकर स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया!



**वृक्षारोपण महाअभियान "मोर पेड़ मोर जीनगानी" से जुड़ने लगे लोग, सराहनीय कार्य करने वाले को मिलेगा 25000 तक पुरस्कार**

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी वर्षा ऋतु में किए जाने वाले वृक्षारोपण को लेकर जन सहभागिता को जोड़ते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए है! जिस पर आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने समस्त जोन आयुक्त एवं विभागीय अधिकारियों को वृक्षारोपण के लिए जन जागरूकता लाने के लिए आदेशित किया है! स्मार्ट एप भिलाई जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित है इसे वृक्षारोपण महाअभियान पुरस्कार "मोर पर मोर जीनगानी" के लिए अपडेट कर दिया गया है इस ऐप में अब वृक्षारोपण करने के पश्चात लोग जानकारी अपलोड कर रहे हैं !

वृक्षारोपण के लिए जन सहभागिता को नकारा नहीं जा सकता! जन सहभागिता से यदि कार्य किया जाए तो निश्चित रूप से भिलाई के सभी क्षेत्रों में हरियाली छा जाएगी, क्योंकि सभी अपने घरों के समीप पौधे लगाएंगे और उसकी देखभाल से वे स्वयं करेंगे, आयुक्त महोदय ने भवन अनुज्ञा शाखा को निर्देशित किया है कि भवन अनुज्ञा लेने के लिए अनिवार्य रूप से 5 वृक्ष लगाए जाने का निरीक्षण करें, वृक्षारोपण केवल गमलों में लगाकर दिखावा ना हो! जनभागीदारी के माध्यम से अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, पौधे लगाने के लिए स्मार्ट भिलाई एप को प्ले स्टोर में जाकर इंस्टॉल करना होगा जिसमें मोबाइल नंबर डालने पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसे डालने के पश्चात मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड हो जाएगा इस ऐप में वृक्षारोपण का आईकॉन अलग से प्रदर्शित होता है

# शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले परमेश्वर चन्द्राकर पिता भिखारी लाल चन्द्राकर पम्प सहायक, खेदनलाल सिन्हा पिता ओंकार सिन्हा पम्प सहायक, अशोक कुमार जांगड़े पिता महादेव जांगड़े कार्य सहायक ग्रेड-02, रमेश कुमार यादव पिता अंदूराम यादव कार्य सहायक ग्रेड-02, छगनलाल यादव पिता बोधनलाल यादव भृत्य, रामकिशुन पिता लेड़गाराम चौकीदार, विरेन्द्र कुमार पिता पी.एल. त्रेहान मजदुर, रामचंद यादव पिता भुखुराम, हेल्पर, श्रीमती लीलाबाई पति पंचराम सफाई कामगार, आदिनारायण पिता अप्पलास्वामी सफाई कामगार, मोहनदास सतनामी पिता स्व. फेरहाराम सतनामी सफाई कामगार, मंगल सिंह पिता भूखनलाल सफाई कामगार, पंचराम पिता घोपचंद सफाई कामगार को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में उपायुक्त अशोक द्विवेदी, तरूण पाल लहरे, जनसम्पर्क अधिकारी पी0सी0 सार्वा, प्रभारी अधिकारी मूर्ति शर्मा ने शाॅल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों को भावभीनी बिदाई दी




**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई